थाना फेस-3 क्षेत्र अन्तर्गत स्थित बी 53 सैक्टर 65 नोएडा मे संचालित हो रहे "नेशन लाइव" न्यूज चैनल पर दिनांक 06.06.2019 को अपरान्ह एक पैनल चर्चा आयोजित की गयी थी। उक्त कार्यक्रम में एक महिला के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार पर लगाये गये कतिपय मानहानिकारक आरोपो पर चर्चा की गयी थी। उक्त चर्चा में मानहानिकारक आरोपो का प्रसारण बिना तथ्यो की जांच के किया गया है। उक्त चर्चा के कारण पार्टी विशेष के कार्यकर्ताओ में रोष की भावना परिलक्षित हुई और कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पडने की सम्भावना उत्पन्न हो गयी। इस सम्बन्ध में थाना फेस 3 नोएडा पर उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा मु0अ0सं0 629/19 धारा 505(1)/505(2)/501/153 भादवि पंजीकृत कराया गया है। इसके अतिरिक्त जांच में यह भी पाया गया है कि, उक्त चैनल के पास संचालन के सम्बन्ध में कोई लाईसेन्स नही है। उक्त चैनल "नेटवर्क 10" नाम के न्यूज चैनल के लाईसेन्स पर बिना अनुमति प्राप्त किये संचालित किया जा रहा है। उक्त धोखाधडी के सम्बन्ध में सहायक निदेशक , जिला सूचना कार्यालय की तहरीर पर "नेशन लाइव" चैनल के विरुद्ध थाना फेस 3, नोएडा पर मु0अ0सं0 632/19 अन्तर्गत धारा 419/420/467/468/471 भादवि पंजीकृत किया गया है। चैनल हैड इशिका सिंह व सम्पादक अनुज शुक्ला को गिरफ्तार किया जा चुका है।

Scanned by CamScanner